संख्या–899 / पांच–5–2

प्रेषक,

अमित मोहन प्रसाद,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1–समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
2–समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उ0प्र0।

चिकित्सा अनुभाग–5 **लखनऊ; दिनांकः 19 अप्रैल, 2020**

विषयः–कोविड–19 के दृष्टिगत लॉकडाउन को दिनांक 20.04.2020 से कतिपय आपातका सेवाओं के संचालन में शिथिलता के फलस्वरूप चिकित्सालयों के लिए निर्देश।

महोदय,

कृपया गृह (गोपन) अनुभाग–3 के शासनादेश संख्या–264 / 2020 / सी0एक्स0–3 दिनांक 04.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा गृह मंत्रालय भारत सरकार के आ संख्या–40–3 / 2020–डीएम–1(ए) दिनांक 15.04.2020 के क्रम में दिनांक 03.05.2020 लॉकडाउन करने के संबंध में दिशा–निर्देश निर्गत किए गए हैं। उक्त शासनादेश के प्रस्तर–4 दिनांक 20.04.2020 से कतिपय गतिविधियों को भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार संच किए जाने की अनुमति दी गयी है।

2– उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निजी चिकित्सालयों में आकस्मिक आवश्यक सेवाएं उपलब्ध करवाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाए किः–

(1) चिकित्सालय के चिकित्सकों / पैरामेडिकल स्टाफ को कोविड–19 संब प्रोटोकाल तथा इन्फेक्शन प्रिवेंशन प्रोटोकाल का समुचित प्रशिक्षण दे दिया गया हो।

(2) चिकित्सालय में मरीजों की स्क्रीनिंग (Triage) करने के लिए एक पृथक स्थल सुरक्षित स्क्रीनिंग व्यवस्था स्थापित एवं क्रियाशील हो।

(3) चिकित्सालय में सुरक्षात्मक उपकरण जैसे–मास्क, ग्लब्स इत्यादि समुचित मात्रा एवं यथा आवश्यक पी0पी0ई0 उपलब्ध हो।

(4) भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुसार चिकित्सालय परिसर के बाहर अन्दर के समस्त क्षेत्र का 1% प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइट सोल्यूशन द्वारा विसंक सुनिश्चित किया जाए।

(5) बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की गाइडलाइंस का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिशि किया जाए।

3– कृपया उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

19.4.2

(अमित मोहन प्रसाद
प्रमुख सचिव।

संख्या– 899(1) / पांच–5–2020 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0, लखनऊ।
2. निदेशक, संचारी रोग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(प्राणेश चन्द्र शुक्ल)
उप सचिव।

Pankaj/GO/COME-3